पत्रिका

UP Crime सहारनपुर में बन रही थी नकली दवाइयां ! छापेमारे में करोड़ों का माल बरामद

सहारनपुर उर्फ नकलीपुर में अब नकली दवाइयों की फैक्ट्री पकड़ी गई है। केंद्रीय नारकोटिक्स की टीम ने सहारनपुर और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के भगवानपुर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान करोड़ों रुपये कीमत की नकली दवाइयां और मशीनें पकड़ी गई। टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना की जांच की जा रही है।

सहारनपुर के एक खेत में चल रही थी फैक्ट्री (UP Crime)

दिल्ली से आई नारकोटिक्स विभाग की टीम ने यूपी और उत्तराखंड में छापेमारी की। इस कार्रवाई में नकली दवाइयां, कैप्सूल और कच्चे माल के साथ-साथ मशीनें भी पकड़ी गई हैं। सहारनपुर के कस्बा देवबंद के गांव मझौल जबरदस्तपुर के खेतों में एक दवाई फैक्ट्री चलाई जा रही थी। सहारनपुर के देवबंद के अलावा टीम ने पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के भगवानपुर और रायपुर में भी छापेमारी की गई। यहां भी तीन स्थानों पर नकली दवाईयों का तैयार और कच्चा माल मिलने के साथ-साथ मशीनें बरामद हुई हैं।

सबसे ज्यादा दर्द निवारक दवाइयां मिली

इस कार्रवाई में सबसे अधिक दर्द निवारक दवाइयां मिली। नार्कोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक ने मीडिया को बताया कि छापेमारी में एक लाख 11 हजार ट्रामाडोल कैप्सूल, 252 किलो ट्रामोडॉल पाउडर और करीब 75 किलो ट्रामोडॉल की टेबलेट मिली हैं। इन दवाईयों को मेडिकल स्टोरों पर बेचा जा रहा था। छापेमारी में करीब आठ करोड़ रुपये कीमत की मशीने भी जब्त की गई है। इस कार्रवाई में देवबंद से मुस्तफा, आसिफ और अहसान अली के अलावा उत्तराखंड से हसीन अली को गिरफ्तार किया गया है। अब जांच की जा रही है कि ये जाल कहां तक फैला हुआ था।

Source: https://www.patrika.com/saharanpur-news/up-crime-central-narcotics-team-raids-fake-medicines-being-made-in-saharanpur-18995816